# बिहार सरकार
## खेल निदेशालय (खेल विभाग)
## कार्यालय आदेश

का0आ0सं0:—1 / स्था0—1—06 / 2025 / ...09 पटना, दिनांक—12/11/2025

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0—19300, दिनांक—13.10.2023 में निहित प्रावधान के तहत सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या—477, दिनांक—03.09.2025 द्वारा श्री सरोज कुमार झा, तत्कालीन उच्चवर्गीय लिपिक, ग्रामीण कार्य विभाग को बिहार सचिवालय सेवा के अन्तर्गत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद का वेतनमान (वेतन स्तर—7) सहित अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार देते हुए ग्रामीण कार्य विभाग में अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया जिसके आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या—546 सहपठित ज्ञापांक—10279, दिनांक— 24.09.2025 द्वारा श्री झा का योगदान दिनांक—**03.09.2025** के अपराहन् से स्वीकृत किया गया है।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या—518, दिनांक—18.09.2025 द्वारा श्री झा, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का स्थानांतरण / पदस्थापन ग्रामीण कार्य विभाग से खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना में किया गया। तद्‌लोक में ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या—547 सहपठित ज्ञापांक—10320, दिनांक—25.09.2025 द्वारा खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना में योगदान करने हेतु इन्हें दिनांक—25.09.2025 के अपराहन् से विरमित किया गया। तद्पश्चात इनके द्वारा दिनांक—26.09.2025 के पूर्वाहन में अपना योगदान खेल निदेशालय में समर्पित किया गया तथा खेल निदेशालय (खेल विभाग), बिहार, पटना के कार्यालय आदेश संख्या—02 सहपठित ज्ञापांक—04, दिनांक—26.09.2025 द्वारा दिनांक—26.09.2025 के पूर्वाहन् से इनका योगदान स्वीकृत किया गया है।

3. उपर्युक्त परिप्रक्ष्य में वित्त विभागीय संकल्प—3590, दिनांक—24.05.2017 के तहत सातवें वेतन पुनरीक्षण के अनुसार नव कार्यकारी उच्चतर पद प्रभारित श्री सरोज कुमार झा, नव प्रोन्नत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का वेतन निर्धारण निम्न प्रकार किया जाता है:—

| क्र0 सं0 | नाम | वर्तमान वेतन स्तर एवं वेतन प्रक्रम | कार्यकारी प्रभार के उपरांत अनुमान्य वेतन स्तर | उच्चतर पद पर योगदान की तिथि | निर्धारण लाभ के फलस्वरूप वर्तमान वेतन स्तर में वेतन प्रक्रम | वेतन स्तर—7 अनुमान्य वेतन प्रक्रम | स्तंभ—7 में निर्धारित वेतन की प्रभावी तिथि | आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सरोज कुमार झा | वेतन स्तर—4 31,400 / — | वेतन स्तर—7 | 03.09.25 (अपराहन) | 32,300 / — | 44,900 / — | 04.09.25 | 01.07.26 |

4. उपर्युक्त के आलोक में यदि भविष्य में वेतन निर्धारण में किसी भी प्रकार की त्रुटि या पार्थक्य या गलत तथ्य पायी जाती है तो उन्हें भुगतान की गयी राशि की वसूली / प्रतिपूर्त्ति संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी से नियमानुसार कर ली जायेगी।

12/11/2025

(महेन्द्र कुमार)
निदेशक

srj. dir. 96

ज्ञापांक–1 / स्था0–1–06 / 2025 / ..16...    पटना, दिनांक–.12./.11../.25

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, वीरचंद पटेल पथ, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/11/2025

(महेन्द्र कुमार)
निदेशक

ज्ञापांक–1 / स्था0–1–06 / 2025 / ...16...    पटना, दिनांक–.12./.11../.25

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, लेखा शाखा / श्री सरोज कुमार झा, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई0टी0 मैनेजर, खेल निदेशालय, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/11/2025

(महेन्द्र कुमार)
निदेशक

srj. dir. 97